Vacancy Ref. No. BIRAC/PMU/VAC/96/Sept-2023

पद : वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी (एनबीएम-पीएमयू) **पद कोड** : पीओ-07

पद की संख्या : 01 [एक]

वेतनमान : समेकित शुल्क निम्नानुसार तय किया जाएगा

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी हेतु अनुभव और योग्यता के आधार पर 75,000 रुपये से 2,40,000/- रुपये प्रति माह।

कार्यक्रम अधिकारी हेतु अनुभव और योग्यता के आधार पर 60,000 रुपये से 2,10,000/- रुपये प्रति माह

अवधि : नियुक्ति 'सेवा हेतु अनुबंध' के अंतर्गत प्रारम्भ में तीन (03) वर्ष की अवधि अथवा परियोजना के साथ सह-समाप्ति अथवा जो भी पहले हो, हेतु होगी। परियोजना की वर्तमान अवधि जून'2024 तक है। अनुबंध का नवीनीकरण परियोजना के विस्तार या संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर सेवा जारी रखने की आवश्यकता पर निर्भर करेगा।

मुख्य उत्तरदायित्व :

- एनबीएम-पीएमयू के कार्यान्वयन हेतु जिम्मेदारियां जिसमें - आपके मुख्य क्षेत्र के सभी अनुदान प्राप्तकर्ताओं की निगरानी, तकनीकी और वित्तीय दोनों विशेषज्ञों को शामिल करना, परियोजना की समीक्षा के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी सलाहकार समूहों के साथ मिलकर काम करना और अनुदान प्रबंधन गतिविधियों की निगरानी करना आदि शामिल हैं।
- सभी आवश्यक अनुबंध और समझौते तैयार करने के लिए विधि एवं वित्त के साथ काम करना।
- एनबीएम-पीएमयू प्रबंधन में शामिल हितधारकों के साथ समन्वय करना।
- योजना और कार्यान्वयन सहित नवीन एवं वर्तमान में चल रही परियोजनाओं के सभी पहलुओं का प्रशासनिक कार्य एवं समन्वय करना।
- सभी गतिविधियों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करना।
- अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और कार्यशालाओं सहित सभी बैठकों, परिचर्चा एवं सलाहकार समूह चर्चा के आयोजन हेतु उत्तरदायी
- वैज्ञानिक विशेषज्ञता के अतिरिक्त, कार्यक्रम प्रबंधक को विभिन्न समस्याओं एवं बाइरैक के मिशन से संबंधित प्रश्नों हेतु उत्साही, विनम्रता और आलोचनात्मक सोच का सकारात्मक प्रदर्शन करना।
- अनुदान प्राप्तकर्ताओं और प्रमुख हितधारकों के साथ काम करना एवं संवाद स्थापित करना।

योग्यता :

अनिवार्य योग्यता :

- जीवन विज्ञान/जैविक विज्ञान/माइक्रोबायोलॉजी/जैव रसायन/जैव प्रौद्योगिकी में एम.एससी/एम.फार्मा/एमबीबीएस।
- जीवन विज्ञान/जैविक विज्ञान/ माइक्रोबायोलॉजी/ जैव रसायन/जैव प्रौद्योगिकी में पीएचडी वांछनीय है।
- जटिल तकनीकी मुद्दों की श्रृंखला पर व्यापक एवं विविध दर्शकों में संचार की आवश्यकता वाले पदों पर उत्कृष्ट लिखित तथा मौखिक संचार कौशल का प्रदर्शन।
- सुदृढ़ योजना तथा विश्लेषणात्मक कौशल का प्रदर्शन एवं उत्कृष्ट पारस्परिक तथा संवाद कौशल।
- विभिन्न तथा प्रतिस्पर्धी मांगों वाले जटिल वातावरण में काम को व्यवस्थित/प्राथमिकता देने एवं समय सीमा में पूरा करने की क्षमता।
- विश्वसनीय कार्य स्थिति एवं विस्तार पर ध्यान देने के साथ सक्रिय और लचीली प्रकृति।
- स्वतंत्र रूप से एवं सहयोगात्मक तथा मैत्रीपूर्ण दोनों तरह से काम करने की क्षमता।
- घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करने की क्षमता तथा इच्छा।

अनुभव: न्यूनतम 4 वर्ष।

	वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी : वैक्सीन/बायोथेराप्यूटिक्स विनिर्माण उद्योग या नवीन प्लेटफ़ॉर्म प्रौद्योगिकियों या वैक्सीन/बायोथेराप्यूटिक्स अनुसंधान एवं विकास या बायोप्रोडक्ट विकास के क्षेत्र में, वैक्सीन/बायोथेराप्यूटिक्स/फार्मास्युटिकल कंपनी के नियामक विभाग या इम्यूनोजेनेसिटी मापने अथवा दवाओं की खोज के लिए बायोएसे विकास में 4-5 वर्ष का अनुभव। कार्यक्रम अधिकारी : वैक्सीन/बायोथेराप्यूटिक्स विनिर्माण उद्योग या नवीन प्लेटफ़ॉर्म प्रौद्योगिकियों या वैक्सीन/बायोथेराप्यूटिक्स अनुसंधान एवं विकास या बायोप्रोडक्ट विकास के क्षेत्र में, वैक्सीन/बायोथेराप्यूटिक्स/फार्मास्युटिकल कंपनी के नियामक विभाग या इम्यूनोजेनेसिटी मापने अथवा दवाओं की खोज के लिए बायोएसे विकास में 2-3 वर्ष का अनुभव। **आयु सीमा:** वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी हेतु आवेदन की अंतिम तिथि तक 35 वर्ष कार्यक्रम अधिकारी हेतु आवेदन की अंतिम तिथि तक 30 वर्ष।